**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**
**लोक सभा**

तारांकित प्रश्न सं. *193 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023/24 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाना है

# सागरमाला परियोजनाओं का कार्यान्वयन

**†*193. डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2035 तक कार्यान्वित की जाने वाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार परियोजनाओं का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इन परियोजनाओं के लिए आबंटित/जारी और उपयोग की गई निधियों का महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान इन परियोजनाओं के वास्तविक/वार्षिक लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित समय से पीछे चल रही परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कोई जिम्मेदारी तय की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (च):** विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**“सागरमाला परियोजनाओं का कार्यान्वयन" के संबंध में डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे द्वारा पूछे गए दिनांक 15 दिसंबर, 2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *193 के उत्तर के भाग (क) से (च) तक में संदर्भित विवरण**

---

**(क) और (ख):** जी, हां। सरकार द्वारा सागरमाला कार्यक्रम के भाग के रूप में शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा आवधिक आधार पर की गई है। मंत्रालय राज्य समुद्री बोर्डों (एसएमबी)/राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन के साथ उनकी चिंताओं को समझने और भारत सरकार से संबंधित मामलों को समय से हल करने में उनकी मदद करने के लिए परियोजना आधारित और राज्य स्तरीय बैठकों का नियमित अंतराल पर आयोजन करता है और उनके साथ विचार-विमर्श करता है। मंत्रालय समय-समय पर समुद्री राज्य विकास परिषद (एमएसडीसी) की बैठकें आयोजित करता है और सागरमाला परियोजनाओं के तीव्रगामी कार्यान्वयन हेतु विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल बनाने के लिए तटीय राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य सागरमाला समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। अब तक महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्य सरकारों के साथ एमएसडीसी की उन्नीस बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। एमएसडीसी की पिछली बैठक दिनांक 19.08.2023 को आयोजित की गई थी। इसके अलावा, सकल नीति दिशा-निर्देश और उच्च स्तरीय समन्वय, तथा इस योजना और परियोजनाओं की प्लानिंग और कार्यान्वयन के पहलू की समीक्षा के लिए सागरमाला ढांचे के शीर्ष स्तर पर एक राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति गठित की गई है। महाराष्ट्र राज्य में विकास के अंतर्गत परियोजनाओं की मंत्रालय द्वारा अभी हाल ही में की गई समीक्षा का विवरण अनुबंधित है **[अनुबंध-I]**।

**(ग):** पिछ्ला तीन वर्षों के दौरान सागरमाला वित्तपोषित परियोजनाओं में आबंटित/जारी और प्रयुक्त धनराशि का महाराष्ट्र सहित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंधित है **[अनुबंध-II]**।

**(घ):** उच्च सामाजिक प्रभाव वाली, किन्तु बिना प्रतिफल या कम आंतरिक प्रतिफल वाली परियोजनाओं को पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की सागरमाला परियोजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय द्वारा अब तक 10,999 करोड़ रु. मूल्य की 171 परियोजनाओं का वित्तपोषण किया गया है। मंत्रालय द्वारा इन परियोजनाओं के लिए 4,531 करोड़ रु. स्वीकृत किए गए हैं। 171 परियोजनाओं में 3,370 करोड़ रु. की 54 परियोजना पूरी हो चुकी हैं, 5,919 करोड़ रु. मूल्य की 69 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं और शेष विकास के स्तर पर हैं।

**(ङ) और (च):** परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए, मंत्रालय क्रियान्वयन एजेंसियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों की नियमित रूप से जांच करता है और इनके त्वरित समाधान के लिए उन मामलों को केंद्रीय मंत्रालयों जैसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मत्स्य पालन विभाग आदि के समक्ष उठाता है।

अनुबंध-I

## महाराष्ट्र में कार्यान्वयनाधीन सागरमाला वित्तपोषित परियोजनाएं

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | क्रियान्वयन एजेंसी | परियोजना की स्थिति | परियोजना लागत (करोड़ रु.) | स्वीकृत धनराशि (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बीपीएक्स - इंदिरा डॉक - मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन और आधुनिकीकरण | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 303 | 139.15 |
| 2. | ससून डॉक मत्स्यन बंदरगाह का आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र मत्स्य विकास निगम | कार्यान्वयनाधीन | 92.51 | 23.12 |
| 3. | रायगढ़ जिले के करंजा में मत्स्यन बंदरगाह का विकास | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 149.8 | 68.51 |
| 4. | आनंदवाड़ी - सिंधुदुर्ग जिले में मत्स्यन बंदरगाह का विकास | महाराष्ट्र मत्स्य विकास निगम | कार्यान्वयनाधीन | 88.44 | 12.5 |
| 5. | रायगढ़ जिले के काशीद में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 99.8 | 49.91 |
| 6. | रत्नागिरी जिले के वेलदुर में पर्यटन जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 7.99 | 3.81 |
| 7. | अर्नला किला – ताल वसई – जिला ठाणे में जेट्टी का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 9.94 | 4.97 |
| 8. | रत्नागिरी जिले के अंबावने शिग्वान में यात्री जेट्टी का निर्माण। | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 7.91 | 3.95 |
| 9. | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण 2 -महाराष्ट्र | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | कार्यान्वयनाधीन | 15.11 | 15.11 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10. | कारंजा में रो-रो जेट्टी तक पहुंच मार्ग का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 9.68 | 4.84 |
| 11. | रेवास में रो-रो सेवा का विकास | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 25.07 | 12.54 |
| 12. | नारंगी में रो-रो की सुविधा के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 29.9 | 14.7 |
| 13. | गोराई में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 6.9 | 3.46 |
| 14. | वसई में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 6.73 | 3.37 |
| 15. | खरवदेश्वरी - पालघर में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 12.92 | 6.46 |
| 16. | मनोरी में रो-रो जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 6.59 | 3.29 |
| 17. | घोड़बंदर में जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 7.5 | 5.25 |
| 18. | बोरीवली में जेट्टियों का निर्माण | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 15.47 | 7.735 |
| 19. | मोरा में रो रो जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 88.72 | 44.36 |
| 20. | पीरपाऊ, एमबीपीटी में तीसरी रासायनिक बर्थ का निर्माण | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 161 | 80.5 |
| 21. | मुंबई पत्तन में समुद्री तेल टर्मिनल पर एससीएडीए और पीएलसी स्वचालन प्रणाली | मुंबई पत्तन प्राधिकरण | कार्यान्वयनाधीन | 22.58 | 11.285 |
| 22. | जंजीरा किला, रायगढ़ जिले में यात्री जेट्टी | महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड | कार्यान्वयनाधीन | 110.81 | 55.4 |

अनुबंध-II

## सागरमाला निधि के आबंटन और उपयोग का राज्य-वार ब्यौरा

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | # परियोजनाएं | कुल लागत (करोड़ रु.) | स्वीकृत निधि (करोड़ रु.) | जारी निधि (करोड़ रु.) | एमओपीएसडब्ल्यू के हिस्से का उपयोग (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 1,614 | 1,059 | 448 | 428 |
| महाराष्ट्र | 46 | 2,333 | 951 | 570 | 416 |
| गोवा | 8 | 232 | 103 | 69 | 65.75 |
| कर्नाटक | 31 | 1,531 | 628 | 164 | 18.53 |
| केरल | 9 | 262 | 130 | 72 | 45.31 |
| तमिलनाडु | 22 | 1,177 | 477 | 372 | 453 |
| आंध्र प्रदेश | 14 | 2,505 | 448 | 199 | 217.26 |
| ओडिशा | 6 | 341 | 145 | 32 | 2.16 |
| पश्चिम बंगाल | 11 | 654 | 287 | 167 | 134.34 |
| पुदुच्चेरी | 2 | 46 | 46 | 27 | 25.7 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8 | 211 | 211 | 9 | 0 |
| दमन और दीव | 2 | 92 | 46 | 0 | 0 |
| **कुल** | **171** | **10,999** | **4,531** | **2,129** | **1,806** |

*****